प्रेस विज्ञप्ति

16/03/2022

आज दिनांक 16 मार्च सन 2022 को गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन गणेश दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल जी ने बताया कि गणेश दामोदर सावरकर (जून १३, १८७९ - मार्च १६, १९४५) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण सेनानी थे। वे स्वतंत्र्यवीर सावरकर के बड़े भाई थे। वे 'बाबाराव सावरकर' नाम से उपाख्य हैं।रक्त दाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारियों, सावधानियों एवं लाभ के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि मानव के अलावा और कोई भी स्त्रोत नही है जहाँ से रक्त की आपूर्ति हो सके, एक रक्तदाता द्वारा दिए गए रक्त से कुल 4 लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है। रक्तदान करने से रक्तदाता की आवश्यक जांचें स्वत: ही हो जाती हैं तथा रक्तदाता का बोन मैरो भी सक्रिय होने के नाते रक्तदाता के शरीर को रक्त बनाने में और आसानी होती है तथा रक्तदाता नाना प्रकार की बीमारियों जैसे कि कैंसर, हृदय आघात, हाई कोलेस्ट्रॉल इत्यादि जैसे घातक रोगों से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल डॉक्टर अतुल वाजपेई जी भी उपस्थित रहे, उनकी उपस्थिति से रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन हुआ। इस शिविर में लगभग 17 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया

इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जयसवाल उपस्थित रहीं । वैश्विक महामारी कोरोना को देखते हुए आवश्यक सावधानियों का कड़ाई से

अनुपालन किया गया। हैंड सैनिटाइजर, मास्क तथा सामाजिक दूरी का भी ख्याल रखा गया।

इस शिविर को सफल बनाने में रक्त कोष के कर्मचारियों जैसे अमित चन्द्रेशवर आदित्य निधि तूलिका इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण, नगर के गणमान्य व्यक्ति तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह जी ने उपस्थित समस्त रक्त दाताओं तथा आम जनमानस के प्रति अपने हृदय से आभार व्यक्त किये तथा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किये।